हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 दिसंबर 2025

06 मक्का का किसान को नहीं मिला समर्थन...



10 डॉ. अंबेडकर के विचारों, त्याग बलिदान और संघर्ष...





## खबर संक्षेप

### सांसद ने किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने ग्राम मिसरोद, सिवनी मालवा में देवकीनंदन गौर के घर से दुबे के घर तक बनने वाली सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए यह सड़क ग्राम विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

### ठंड से बचाव के लिए अलाव बने सहारा



**सोहागपुर।** क्षेत्र में तीव्र ठंड का प्रभाव लगातार अनुभव किया जा रहा है। ठंड से बचाव के लिये नागरिकों के समक्ष अब अलाव ही एकमात्र सहारा बचे हैं। इन दिनों क्षेत्र में शाम होते ही लोग सुलगते अलावों के आसपास एकत्रित हो ठंड से बचने की जुगत लगाते देखे जा रहे हैं।

## डबल ट्रांजिट लाइन वाले क्षेत्रों में नौ दिसंबर तक जारी रहेगी गणना

# आज शाकाहारी व मांसाहारी वन्यजीवों की गणना का एक चरण होगा पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एसटीआर में शाकाहारी एवं मांसाहारी वन्यजीवों की गणना का एक चरण आज पूर्ण होगा। जिन रेंज में चरण पूर्ण हो चुका है, वहां का डाटा आज एकत्र किया जाएगा। वहीं कुछ बीटों में नौ दिसंबर तक गणना कार्य होना होगा।

शनिवार को हरिभूमि संवाददाता से चर्चा में मढ़ई रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय ने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की जिन बीट्स में सिंगल ट्रांजिट लाइन थी वहां पर वन्यजीवों की गणना का कार्य पूर्ण हो चुका ह इन बीट्स में शाकाहारी तथा मांसाहारी दोनों ही श्रेणी के वन्यजीवों की गणना का कार्य पूर्ण हो चुका है। यहां गणना तीन-तीन दिन चली थी।

अब सातवें दिन अर्थात आज सात दिसंबर को मढ़ई मुख्यालय पर डाटा एकत्रीकरण का कार्य करेंगे। यह डाटा सामूहिक रूप से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन कार्यालय नर्मदापुरम को भेजा जाएगा। इसके बाद रिजर्व क्षेत्र संचालक द्वारा नोटशीट व कवरिंग लेटय के साथ डाटा देहरादून के उस संस्थान को भेजा जाएगा जहां साक्ष्य आधार पर वन्यजीवों की संख्या का आंकलन किया जाएगा। फाइनल रिपोर्ट में बाघ सहित तेंदुआ, भालू, वाइल्ड डॉग तथा अन्य शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या भी सम्मिलित होगी।



### शिंट कंपास व रेंज फाइंडर



रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय ने बताया कि शाकाहारी जीवों की गणना के लिए ट्रांजिट लाइन पर दो किमी की दूरी पैदल चलनी होती है। इस दौरान शिंट कंपास व रेंज फाइंडर यंत्रों का उपयोग करते हैं। दूरबीननुमा रेंज फाइंडर यंत्र से शाकाहारी जीवों का डाटा कलेक्ट किया जाता है। वहीं शिंट कंपास यह बताता है कि गणनातल व दल के समीप पाए गए वन्यजीवों के अक्षांश तथा देशांतर की स्थिति क्या है। इस आधार पर फाइनल रिपोर्ट में वन्यजीवों की संख्या प्राप्त करने में आसानी होती है।

### तीन तथा दो किलोमीटर के पैदल चक्र

वनकर्मियों के अनुसार शाकाहारी जीवों तथा मांसाहारी जीवों की गणना की प्रक्रिया लगभग समान है। लेकिन इनमें पैदल चलने की दूरी का अंतर रहता है। मांसाहारी जीवों की गणना करने के लिए दल को तीन दिन तक निर्धारित ट्रांजिट लाइन पर प्रतिदिन पांच किलोमीटर चलना पड़ता है। इस तरह मांसाहारी जीवों की गणना के लिए प्रत्येक दल को अपनी निर्धारित ट्रांजिट लाइन पर तीन दिन में 15 किलोमीटर की दूरी तय कर साक्ष्य जुटाने पड़ते हैं। वहीं शाकाहारी वन्यजीवों की गणना के लिए ट्रांजिट लाइन पर दो किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। इस गणना में दल छह किलोमीटर पैदल चलते हैं।

### डबल ट्रांजिट लाइन पर दो दिन शेष

मढ़ई रेंज ऑफिसर उपाध्याय राहुल उपाध्याय ने बताया कि कई बीट्स में डबल ट्रांजिट लाइन हैं। इन डबल ट्रांसिट लाइन वाली बीट्स में वैसे तो तीन-तीन दिन मांसाहारी व शाकाहारी वन्यजीवों की गणना का कार्य किया जा चुका है। लेकिन अभी भी दो दिन का समय और लेते हुए शाकाहारी जीवों की गणना का कार्य और किया जाना शेष है। इन बीट्स का आखिरी डाटा नौ दिसंबर को दलों द्वारा मढ़ई मुख्यालय में एकत्र किया जाएगा। जिसे नर्मदापुरम क्षेत्र संचालक कार्यालय भेजा जाएगा।

## प्राकृतिक कृषि के लिए दोगुना से अधिक होगा एमएसपी निर्धारित

### सांसद ने प्रस्तावित किया प्राकृतिक कृषि संवर्धन विधेयक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

**सांसद बोले**
- यह विधेयक प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए है क्रांतिकारी कदम

सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा प्रस्तुत विधेयक प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए क्रांतिकारी कदम है, जिसमें केन्द्रीय सरकार प्राकृतिक कृषि उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित करेगी जो सामान्य खेती में कृषि उपज के लिए निर्धारित मूल्य के दोगुने से कम नहीं होगा। इसके साथ ही समुचित सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सामान्य खेती करने वाले किसानों की तुलना में फसल बीमा का लाभ दोगुना मिले। समुचित सरकार प्राकृतिक कृषि उपज की बिक्री के लिए अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत संबंधित राज्य सरकार द्वारा स्थापित कृषि उपज मंडी समितियों सहित सभी कृषि बाजारों में राष्ट्रीय कृषि उपज मंडी स्थापित करेगी। समुचित सरकार प्राकृतिक खेती द्वारा उगाए गए कृषि उत्पादों के भंडारण और परिवहन के लिए पर्याप्त संख्या में खरीद केंद्र स्थापित करेगी। कुटीर एवं लघु उद्योगों को जैविक एवं प्राकृतिक खाद से उगाए गए कृषि उत्पादों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना। समुचित सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि देश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित सीमा से अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली कम्पनियों द्वारा कार्बन क्रेडिट सीमा की खरीद से प्राप्त राजस्व का उपयोग किया जाए।

## नगर पालिका ने पुरानी चौकी को किया जमींदोज, अब नई बनेगी

### भोपाल तिराहे के सौंदर्यीकरण का कार्य हुआ तेज, नपाध्यक्ष और सीएमओ ने निरीक्षण कर दिए थे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




भोपाल तिराहे के सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण का कार्य तेज हो गया है। शनिवार को भोपाल तिराहे पर स्थित पुरानी पुलिस चौकी को जमींदोज कर दिया गया है। उस चौकी के स्थान पर नई एवं अत्याधुनिक पुलिस चौकी का निर्माण किया जाएगा।

पुलिस जमींदोज करते समय विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, एसडीओपी जितेंद्र पाठक, उपयंत्री अंबक पाराशर, सिटी कोतवाली टीआई कंचनसिंह, अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत आदि उपस्थित रहे।

कार्य प्रभारी उपयंत्री अंबक पाराशर ने बताया कि विगत दिनों नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को तेज गति से कार्य करने के सख्त निर्देश दिए थे। आज सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण कार्य को गति प्रदान करने हेतु पुलिस चौकी तोड़ दिया गया है। उसके स्थान पर नई अत्याधुनिक चौकी बनाई जाएगी।

नगर में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। जिसमें मीनाक्षी चौक, एनएमवी चौराहा के सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण के बाद अब भोपाल तिराहे का सौंदर्यीकरण एवं चौड़ीकरण किया जा रहा है। उपयंत्री श्री पाराशर ने बताया कि अधिकांश कार्य दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। सौंदर्यीकरण कार्य के चलते भोपाल तिराहे से जल्द ही बिजली के खंबे एवं ट्रांसफार्मर्स को हटाए जाएंगे। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से चर्चा हो गई है।

### अपर तहसीलदार ने किया एसआईआर के कार्य का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्युप्रदेश में मतदात सूची गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में गणना पत्रक के डिसटाईजेसन के उपरांत जो मतदाता सर्च नहीं हो रहें हैं या स्थानांतरित हो गये हैं उनकी जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है इसी क्रम में शनिवार को विधान सभा 137 अंतर्गत एसपीएम स्कूाल में मतदान केन्द्र क्रमांक 28,29 एवं 30 के मतदान केन्द्र में इन मतदाताओं की सूची का वाचन अपर तहसीलदार शक्तिसिंह तोमर एवं बीएलओ सुपरवाईजर रामकुमार गौर के नेतृत्व में बीएलओ के द्वारा किया गया किया गया।

## स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया विभिन्न स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को कक्षा से बाहर वास्तविक अनुभवों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना था। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस यात्रा में बच्चों का मार्गदर्शन किया।

शैक्षिक यात्रा के दौरान अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अलग-अलग स्थानों का भ्रमण किया जिनमें कक्षा 1 के बच्चे भीलट देव में स्थानीय संस्कृति और इतिहास से परिचय किया। कक्षा 2 भीमबेटका विश्व धरोहर स्थल के प्रागैतिहासिक गुफाचित्र को जाना। कक्षा 3 – भोपाल शहर सैर-सपाटा स्थानीय स्थलों का अवलोकन किया। कक्षा 4 – बालाजीपुरम, बैतूल आस्था एवं सांस्कृतिक अध्ययन किया। कक्षा 5 – साँची बौद्ध स्तूप और ऐतिहासिक स्मारक देखे। कक्षा 6 – पीपुल्स मॉल भोपाल मनोरंजन के साथ आधुनिक सुविधाओं का अनुभव किया।

## नर्मदा कॉलेज ने निमसाड़िया में आयोजित विधिक सहायता शिविर से दी जागरुकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



विधि विभाग, पीएमसीओई शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को ग्राम निमसाड़िया में निःशुल्क विधिक सहायता एवं विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का आरम्भ विधि विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई जन-जागरण रैली से हुआ, जिसमें विधिक अधिकारों से संबंधित नारे लगाए गए। इसके उपरान्त विद्यार्थियों ने विधिक जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसने ग्रामीणों को न्याय की पहुँच और विधिक सहायता के महत्व से अवगत कराया। नुक्कड़ नाटक के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा ग्रामवासियों के बीच प्रश्नावली आधारित सर्वेक्षण किया गया। इस सर्वेक्षण के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं, उनके विधिक प्रश्नों और जागरूकता के स्तर को समझा गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने ग्रामीणों की व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याएँ सुनीं तथा उन्हें आवश्यक कानूनी परामर्श प्रदान किया। ग्राम के सरपंच बालेंद्र पटेल कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने इस शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता को बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पूरा आयोजन विधि विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अपूर्वा वर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

## शोभापुर-बरेली के समीप सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई है। घटना शोभापुर एवं बरेली गांव के समीप हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। पुलिस थाना सोहागपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार को मर्ग क्रमांक 97, 98/2025 की कायमी धारा 194 बीएनएसएस में की गई है।

थाने में ललताप्रसाद गुर्जर पुत्र चंदनसिंह गुर्जर 45 साल निवासी ग्राम अजेरा सोहागपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार रिश्ते में फरियादी का भाई लखन गुर्जर पुत्र हल्केवीर गुर्जर 45 साल व भतीजा कमलेश गुर्जर पुत्र भगवत सिंह गुर्जर 32 साल दोनों निवासी अजेरा थाना सोहागपुर शुक्रवार दोपहर बाइक से शोभापुर बाजार आए थे। शाम करीब 6.30 बजे गांव सरपंच बसंत सहाय ने सूचना दी कि फरियादी के भाई लखन व भतीजे कमलेश का गट्यानी वेयरहाऊस बरेली के पास एक्सीडेन्ट हो गया है। तब फरियादी रिश्तेदारों सहित गट्यानी वेयरहाऊस पहुंचा। जहां कमलेश की बाइक रोड किनारे क्षतिग्रस्त हालात में पड़ी थी तथा कमलेश व लखन भी रोड पर पड़े थे। दोनो को सिर में गंभीर चोटों से खून निकला था। लखन तथा कमलेश को सभी लोग सरकारी अस्पताल सोहागपुर लेकर आए, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित किया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## सोहागपुर में मनाई गई 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



अहिरवार समाज सोहागपुर द्वारा शनिवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नगर के सुभाष वार्ड स्थित संत रविदास भवन में किया गया।

कार्यक्रम संयोजक राजेश कुमार अहिरवार ने बताया कि वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान निर्माण सहित उनके सुकृत्यों का अपने उद्बोधन में वर्णन किया। इस दौरान प्रेमशंकर शिक्षक, कैलाश खुराना, भागचंद शिक्षक, राजेश कुमार चौधरी कार्यक्रम संयोजक, गणेश प्रसाद, खिलाड़ीलाल, फागुलाल अहिरवार, माधव सिंह अहिरवार, रामचरण अहिरवार, गोपाल अहिरवार, चंदन सिंह अहिरवार, चंपालाल अहिरवार, विनोद, पुरुषोत्तम अहिरवार, कमल सिंह अहिरवार, जयसमंद अहिरवार, गेंदालाल, नीमचंद ठेकेदार, रामदास, राहुल, मोनू अहिरवार, अनिल खुराना, आकाश, अरविंद अहिरवार, फूल सिंह, चंदन अहिरवार व अहिरवार समाज सोहागपुर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्या निकेतन हा.से. स्कूल में हुआ जागरुकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हब फार एम्पावरमेंट आफ वुमन अंतर्गत जिलाकार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया के मार्गदर्शन में वन स्टाप सेट के द्वारा नर्मदा विद्या निकेतन हायर सेकेण्डरी स्कूल में महिला हिंसा उन्मूलन 16 दिवसीय विशेष अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी के द्रारा छात्र, छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 181, घरेलू हिंसा निषेध अधिनियम 2005,पोस्को अधिनियम 2012 ,चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी प्रदान की गई । डां मयंक तोमर द्वारा साइबर क्राइम, जेंडर समानता की जानकारी दी गई ।काउंसलर भागवती विष्ट ने गुड टच, बैड टच, तथा वन स्टाप सेंटर के योजनाओं की जानकारी दी। स्कूल संचालक स्वपनिल उपाध्याय ने बालिकाओं को उनके अधिकार, सुरक्षा तथा कैरियर से संबंधित जानकारी दी। स्कूल प्राचार्य अनुज दीवान द्रारा आभार प्रदर्शन किया गया।

### समेरिटंस में एनसीसी डे पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## एनसीसी कैडेट्सों ने किया मार्च पास्ट, अतिथियों ने ली परेड की सलामी, विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





समेरिटंस स्कूल में शनिवार को कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह के दिशानिर्देश में सूबेदार मेजर वीसी तिलक के मुख्य आतिथ्य में एनसीसी डे पर विविध आयोजन हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट से हुई। अतिथियों ने परेड की सलामी ली। परेड का नेतृत्व कैडेट्स सिद्धि सिंह ने किया। उनके पीछे भारतीय ध्वज लिए थल सेना कैंप करके लौटे केडिट्स लक्ष्य भार्गव, सार्जेंट देवांश दीवान, निहाल अहिरवार, पूर्वा दीवान, पूर्वी यादव, प्रीत दुबे कमांडर की भूमिका में रहे।

कार्यक्रम में कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उपस्थित अतिथियों ने स्कूल के राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले कैडेट्स का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन सीपीएल वेदज्ञ भूषण शर्मा, मरियम इरफान ने किया।

कार्यक्रम में 13 मध्यप्रदेश बटालियन से सूबेदार राकेश कुमार, 5 मध्यप्रदेश बटालियन से सूबेदार संजय पाटिल, जिसीआई स्टाफ आकांक्षा भी शामिल थी। कार्यक्रम में समेरिटंस ग्रुप के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव, उप प्राचार्य राजेन्द्र रघुवंशी, सेकंड ऑफिसर विजय श्रीवास्तव, एनसीसी आफिसर स्नेहा उपाध्याय, विक्रांत खंपरिया, सचिन खंपरिया आदि उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भीन किए गए। एनसीसी गीत एवं एनसीसी ऑफिस एरिया निरीक्षण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह मनाया

**नर्मदापुरम।** होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह 06 दिसम्बर को होमगार्ड लाइन नर्मदापुरम में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमति माया नारोलिया राज्यसभा सांसद, विशिष्ट अतिथि नीतू महेन्द्र यादव अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम एवं सेवानिवृत्त डिस्ट्रिक्ट कमांडेन्ट महेश हनोतिया रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी, परेड कमांडर अमृता दीक्षित प्लाटून कमांडर द्वारा दी गई। डायरेक्टर जनरल होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मध्यप्रदेश के संदेश का वाचन किया गया एवं मुख्य अतिथि द्वारा गृहमंत्री भारत सरकार के संदेश का वाचन एवं अपने उदबोधन में बाढ आपदा राहत एवं बचाव ड्युटी ,जैसी महत्वपूर्ण ड्युटी करने होमगार्ड जवानों की सराहना की गई।



## खबर संक्षेप

### एसपी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**बैतूल।** 6 दिसंबर को डॉ. भीमराव आंबेडकर (बाबासाहेब) की पुण्यतिथि (महापरिनिर्वाण दिवस)के रूप में मनाई गई। जो उनके समाज सुधार, कानून और संविधान निर्माण के योगदान को याद दिलाता है। इस अवसर पर अम्बेडकर चौक बैतूल में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### महापरिनिर्वाण दिवस पर अंकुरित आहार किया वितरित


**बैतूल।** भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार सुबहनगर पालिका से सेवानिवृत्त ऑडिटर बंटी वासनिक के नेतृत्व में उनके साथियों द्वारा जिला चिकित्सालय पहुंचकर सुबह मरीजों एवं उनके परिजनों को अंकुरित आहार वितरित किया। इसके बाद बाबा साहेब अंबेडकर चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्री वासनिक ने कहा कि आज भी बाबा साहब के विचार प्रासंगिक है। इस मौके पर श्री वासनिक के साथी फिल्म डायरेक्टर अक्षय गोठी और ऐडवोकेट सुखराम पंडाग्रे ने कहा कि संविधान शिल्पी, आधुनिक भारत की नींव रखने वाले कानूनविद, आजाद भारत के पहले कानून मंत्री डॉ. भीमराव आंबेडकर, जिन्हें पूरी दुनिया सम्मान के साथ बाबा साहब के नाम से पुकारती है। वह अपने युग के सबसे ज्यादा पढ़े लिखे राजनेता और एवं विचारक थे। 1990 में उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। बंटी वासनिक और अक्षय गोठी ने कहा कि बाबा साहब अपने जीवन में तीन गुरुओं से कामयाब हुए। उन्होंने जिन तीन महान व्यक्तियों को अपना गुरु माना, उसमे उनके पहले गुरु थे, तथागत गौतम बुद्ध, दूसरे थे संत कबीर और तीसरे गुरु थे महात्मा ज्योतिराव फुले। इस अवसर पर संतोष वाघमारे, दिनेश उइके, दिनेश खातरकर, रामदास पाटील, अशोक निरापुरे, कृष्णा पांसे, श्री मासोदकर, जासूराम गोरस्कर, नरेन्द्र कसावरे सहित कई अधिवक्तागण मौजूद थे। इस अवसर पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों का एक दल गया बुद्ध के लिए रवाना हुआ। जिन्हें श्री वासनिक ने नीली झंडी दिखा कर रवाना किया। गौरतलब है कि पेंशनर संगठन द्वारा बंटी वासनिक और अक्षय गोठी के विशेष मौजूदगी में बाबा साहब को याद किया।

### बैतूल थाना कार्रवाई में फिर रहा अव्वल

**बैतूल।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) थाना बैतूल ने रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे कोर्ट भोपाल का शिविर लगाकर 89 व्यक्तियों से एक लाख पच्चीस हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। बैतूल थाना इस कार्रवाई में भी सर्वश्रेष्ठ रहा। कोर्ट शिविर में बैतूल के अलावा आमला,और जुन्नारदेव आरपीएफ थानों के मामलों का निपटारा किया गया। उक्त कार्यवाही मध्य रेलवे नागपुर के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के मार्गदर्शन में की गई। आरपीएफ बैतूल थाना प्रभारी राजेश बनकर ने आज शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे कोर्ट भोपाल के न्यायाधीश अनुराग खरे की विशेष उपस्थिति में आरपीएफ थाना बैतूल में कोर्ट शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आरपीएफ थाना बैतूल द्वारा रेलवे परिसर में अवैध रूप से प्रवेश करने, अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेचने, महिला यात्री डिब्बे में प्रवेश करने, दिव्यांग यात्री डिब्बे में प्रवेश करने, फुटबोर्ड पर यात्रा करने, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने तथा रेलवे परिसर में गंदगी फैलाने पर रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 89 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई कर एक लाख पच्साचीस हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। बैतूल थाना कार्रवाई में सर्वश्रेष्ठ रहा। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश बनकर, उप निरीक्षक विद्याधर यादव, उप निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, उप निरीक्षक सचिन सोनुले, सहायक उप निरीक्षक डी.के. देशमुख, सहायक उप निरीक्षक डी.के गौतम, सोबरन सिंह, सुभाष मीणा, फराह खान, मदन लाल, कुलवंत आदि का रहा योगदान।

### मंडी में 1300 से 1700 रुपए बिक रहा मक्का, डिमांड कम होने से गिरे दाम

# मक्का का किसान को नहीं मिला समर्थन मूल्य, मंडी में दाम कम



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल**

कृषि उपज मंडी इन दिनों मक्का की जोरदार आवक है। लेकिन किसानों को भाव कम मिल रहे हैं। इसके पीछे कारण, मक्का की बंपर आवक और और डिमांड कम होना माना जा रहा है। व्यापारियों के अनुसार मक्का का उत्पादन अधिक हुआ है, लेकिन एथेनॉल प्लांट और पोल्ट्री में मक्का की डिमांड कम हो गई है। पिछले साल का स्टाक बचा होने के कारण प्लांट में मक्का की खरीदी कम हो रही है। इससे मक्का की खरीदी कमजोर पड़ गई है।

इसी वजह से डिमांड में गिरावट आई है और मक्का के दाम नहीं बढ़ रहे हैं। मंडी में मक्का के भाव न्यूनतम 1300-1400 से लेकर लगभग 1700-1800 के आसपास हैं, जबकि बताया जा रहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा मक्के का समर्थन मूल्य 2400 रुपए क्विंटल निर्धारित किया है। लेकिन मंडी में भाव कम मिलने से किसानों को दोहरा घाटा उठाना पड़ रहा है। पहला मक्का को समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा। दूसरा मंडी में भी मक्के के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। जिससे किसानों में आक्रोश नजर आने लगा है।

### जिले में 2 लाख 11 हजार हैक्टेयर में हुई थी बोवनी

जिले में 2 लाख 11 हजार हेक्टेयर में मक्का की बोवनी की थी। उत्पादन भी प्रति हेक्टेयर 30 क्विंटल से अधिक हुआ। ऐसे में किसानों को दाम अधिक मिलने की उम्मीद थी, लेकिन मंडी में मक्का की खरीदी 1300-1400 से 1700-1800 के बीच हो रही है। किसानों को मजबूरी में कम दामों पर मक्का बेचना पड़ रहा है। इससे किसानों को नुकसान हो रहा है। व्यापारियों के मुताबिक वर्तमान में मक्का की फसल में 30 प्रतिशत तक नमी आ रही है। किसान फसल सूखाकर ला रहे है, इसके बाद भी नमी बनी हुई है। इसके साथ ही एथेनॉल प्लांट में पहले 100 प्रतिशत मक्का से एथेनॉल बनाया जाता था। लेकिन केंद्र सरकार ने इसके कोटे में कटौती करते हुए 60 प्रतिशत मक्का के उपयोग और 40 प्रतिशत चावल से ऐथनॉल बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके कारण भी प्लांटों में मक्का की डिमांड घटी है। इस कारण भी मक्का के दाम में गिरावट आई है।

### पिछले एक सप्ताह में मक्का की मंडी में आवक

| तिथि | आवक | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| 2 दिसं | 31911 | 1340 | 1750 |
| 3 दिसं | 22216 | 1484 | 1763 |
| 4 दिसं | 28233 | 1100 | 1812 |
| 5 दिसं | 28874 | 1401 | 1770 |
| 6 दिसं | 21071 | 1300 | 1775 |

### एक एकड़ में मक्का की लागत 30 हजार

*किसानों को मक्का की बोवनी से लेकर कटाई करने तक एक एकड़ में 20 से 30 हजार का खर्च आता है। बोवनी के लिए करीब 4 हजार रुपए का बीज लगता है। 2 बार कल्टीवेटर का खर्च करीब 2 हजार, बोवनी का खर्च 1200 से 1500 रूपये, डीएपी 1350, तीन बोरी यूरिया 900 रुपए। निंदाई और कटाई पर 5 हजार रुपए खर्च होते हैं। उसके बाद डंढल काटने में 1 हजार और दावन करने में 1500 रुपए का खर्च आता है। इस तरह किसान को 1 एकड़ में मक्का लगाने में 20 से 30 हजार का खर्च आता है। लेकिन मंडी में दाम कम होने से लागत*

### 2000 से ऊपर नहीं पहुंचे मक्का के दाम

*जिले में इस बार किसानों ने सोयाबीन का रकबा कम कर मक्का का रकबा बढ़ाया था, लेकिन किसानों को समर्थन - मूल्य नहीं मिल रहा है। मंडी में मक्का के दाम 1400 से 1800 रुपए क्विंटल चल रहे हैं। सीजन में अब तक एक भी किसान को मक्का का समर्थन मूल्य 2400 रुपए क्विंटल नहीं मिला है। अब किसान सडक पर उतरकर समर्थन मूल्य की मांग उठा रहे हैं। किसान की मांग है कि मक्का को समर्थन मूल्य में खरीदा जाये, ताकि किसानों को नुकसान न उठाना पड़े। इसे लेकर रोजाना किसान संघ द्वारा आंदोलन भी किया जा रहा है। इधर एथेनॉल प्लांट में मक्का की डिमांड कम होने और बारिश के कारण नमी और दागी मक्का होने से दाम कम हो गए। वहीं पोल्ट्री फार्म में भी मक्का की मांग गिरने से व्यापारी भी कम दामों में खरीदी में कर रहे हैं।*

### दागी मक्का नहीं ले रहे व्यापारी

*किसानों के अनुसार खरीफ सीजन में बेमौसम बारिश से सोयाबीन सहित अन्य फसलों को नुकसान हुआ है। इससे किसान आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। इस स्थिति में किसानों को मक्का के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। किसानों का आरोप है कि व्यापारियों की मोनोपॉली की वजह से किसान मंडी में ठगा रहा है। मंडियों में 1000 से 1300 और अधिकतम 1700 एवं बेहतर क्वालिटी की मक्का होने पर बमुश्किल 1800 दाम मिल रहे है। क्वालिटी के नाम पर किसानों को कम भाव में मक्का बेचकर नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऊपर से ही मक्का की डिमांड कम हो गई है। इससे दाम नहीं बढ़ पा रहे हैं। इसके अलावा फीका रंग और दागी मक्का लेने से व्यापारी लेने से इंकार कर रहे है और व्यापारियों उपज को रिजेक्ट कर रहे है।*

### आवक अधिक है

मक्का की आवक अधिक होने और प्लांटो में डिमांड कम होने के कारण भाव नहीं बढ़ पा रहे है। एक सप्ताह में ही मंडी में करीब सवा लाख क्विंटल मक्का की आवक हुई है।

- सुरेश परते, सचिव, कृषि उपज मंडी बडोरा बैतूल

### दो दिनों में रिपोर्ट जमा करने का आदेश

# रेलवे के स्टेशन मास्टरों के शोषण मामले में श्रम मंत्रालय सख्त

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल**

भारतीय रेलवे में एवं विशेष रूप से मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में स्टेशन मास्टरों और अन्य रेलकर्मियों के शोषण, अमानवीय कार्य परिस्थितियों तथा श्रम कानूनों के उल्लंघन संबंधी शिकायतों पर श्रम मंत्रालय, भारत सरकार ने त्वरित और कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में बैतूल के पूर्व स्टेशन मास्टर वीरेंद्र कुमार पालीवाल शिकायतकर्ता एवं पूर्व परिवहन निरीक्षक ए के कटारे सह शिकायतकर्ता हैं। स्टेशन मास्टरों के मानवाधिकारों की अनदेखी के संबंध में प्राप्त शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गंभीर संज्ञान लेते हुए चेयरमेन रेलवे बोर्ड और मुख्य श्रमायुक्त नई दिल्ली (श्रम मंत्रालय) को गत 27 अक्टूबर 25 को चार सप्ताह के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए थे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों के अनुपालन में, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली ने उप श्रमायुक्त (नागपुर) को मामले की जांच कर एक्शन टेकन रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करने को कहा था। तथापि, रिपोर्ट समय पर प्राप्त नहीं होने पर श्रम मंत्रालय ने अब मोस्ट अर्जेंट श्रेणी में दिनांक 5 दिसंबर 25 को नया निर्देश जारी कर उप श्रमायुक्त नागपुर को दो दिनों के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट अनिवार्य रूप से जमा करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि शिकायतों में आरोप लगाया गया था कि भारतीय रेलवे में खास रूप से मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में स्टेशन मास्टरों से अत्यधिक कार्य-घंटे लिए जा रहे हैं, वंही स्टाफ की कमी के कारण सुरक्षा एवं संचालन प्रभावित हो रहा है, तथा श्रम कानूनों, भारत सरकार के आदेशों एवं रेल मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है, इसके अलावा कर्मचारियों के मूलभूत मानवाधिकारों की उपेक्षा भी की जा रही है।

### मुझे जानकारी नहीं

मुझे अभी इस संबंध में पूरी जानकारी नहीं है। मैं संबंधित विभाग से जानकारी लेकर ही इस संबंध में आपको कुछ बता पाऊंगा।

- **अमन मित्तल**, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रेल मंडल नागपुर

## बाबा साहब की पुण्यतिथि मनाई



**बैतूल।** भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 70वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक इंजी ध्रुवप्रकाश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जीडी देशमुख एवं स्टाफ के वरिष्ठ व्याख्यातागण वन्दना कनाठे लीना चढोकार, ज्योतिबाला किरार ने डॉ. अंबेडकर जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प द्वारा श्रध्द्धाजंली अर्पित की। इस अवसर पर सभी व्याख्याता गणो ने बारी-बारी से बाबा साहब द्वारा सामाजिक, आर्थिक समानता के लिए किये गये अनेक कार्यों एवं उनके अनमोल वचनो को अपने उद्गार में प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता सुनील वर्मा सर ने किया तथा आभार व्यक्त करते हुए डॉ. साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## व्यापारी पर हमला करने वाला गिरफ्तार, चार आरोपी फरार



**बैतूल।** बैतूल के गंज थाना क्षेत्र में 2 दिसंबर की रात व्यापारी राहुल हिरानी पर हुए हमले के मुख्य आरोपी शिवम उर्फ लाला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी का जुलूस भी निकाला। इसे सोनाघाटी इलाके से पकड़ा गया है। इस मामले में चार अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपी शिवम उर्फ लाला का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसके खिलाफ पहले भी हत्या और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस इस हमले को आपराधिक प्रवृत्ति से जोडक़र देख रही है। व्यापारी का आरोपी से कोई पुराना विवाद नहीं था। घटना की रात व्यापारी पान की दुकान पर खड़ा था। इसी दौरान आरोपी लाला का अन्य किसी व्यक्तियों से विवाद चल रहा था। इस विवाद के दौरान लाला ने व्यापारी की कार का कांच तोड़ दिया था। इस पर व्यापारी ने विरोध जताया तो आरोपी ने बेस बाल के बैट जैसे दिखने वाले डंडे से उस पर अपने अन्य साथियों के साथ हमला कर दिया। एसडीओपी सुनील लाटा ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर आरोपी लाला को गिरफ्तार किया गया है। बाकी अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास के तीन मामले पहले से दर्ज है। गंज थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और सभी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने फरार आरोपियों को पकडऩे के लिए जनता से सहयोग की अपील भी की है।

## भाजपा ने मनाया अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस





**सारनी।** भाजपा कार्यालय सारनी में शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत, पूर्व महामंत्री अनिल बतरा की उपस्थित में बाबा साहेब अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि 6 दिसंबर को बाबा साहेब अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जाता है, जो भारत के संविधान के जनक और महान समाज सुधारक डॉ. बी. आर. आंबेडकर के निधन का दिन है, जिन्होंने दलितों व शोषितों के उत्थान और सामाजिक समानता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था यह दिन उनके योगदान, विशेषकर भारतीय संविधान के निर्माण और न्यायपूर्ण समाज के सपने को याद करने और श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महापरिनिर्वाण दिवस का महत्व बौद्ध परंपरा महापरिनिर्वाण शब्द गौतम बुद्ध की मृत्यु से जुड़ा है; डॉ. आंबेडकर जी ने बौद्ध धर्म अपनाकर इसे मुक्ति और सामाजिक समानता के मार्ग के रूप में देखा, इसलिए उनके निधन को भी महापरिनिर्वाण कहा जाता है। इस अवसर आप भाजपा मंडल महामंत्री विनय मदने, नन्हें सिंह, विधायक प्रतिनिधि भीम बहादुर थापा, नारायण खातरकर, राजू साहू, निलेश राजवंशी, मुकेश उपराले, प्रवीण सोनी, चिंटू गजभिये सहित सभी भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### राम जन्मभूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामविलास आएंगे बैतूल

# 19 दिसम्बर से बैतूल में भव्य रामकथा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल**



पिछले दिनों अयोध्या में रामलला के विश्व प्रसिद्ध मंदिर में धर्मध्वजा की स्थापना के साथ ही कार्य पूर्ण हुआ। इसके साथ ही लगभग 5 सौ साल का कलंक रामभक्तों के माथे से मिटा और सनातनी गौरव के युग का शुभारंभ भी हुआ। इसी तारतम्य में अयोध्या से रामलला मंदिर की धर्म ध्वजा लेकर राम जन्मभूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष डा. रामविलास वेदांती मध्यप्रदेश के बैतूल में पधार रहे हैं और धर्म ध्वजा के साथ उनकी प्रथम कथा भव्य स्तर पर बैतूल जिला मुख्यालय में 19 से 25 दिसंबर को शिवाजी आडिटोरियम, स्टेडियम के पास होने जा रही है।

इस संबंध में बैठक का आयोजन गत दिन ओपन ऑडिटोरियम में किया गया। इस दौरान समाजसेवी प्रशांत गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे और समाजसेवी व गौभक्त गिरीश खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में श्री रामलला रामकथा आयोजन समिति का गठन भी किया गया है। इसका संरक्षक भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल को बनाया गया। समिति के संयोजक संजय शुक्ला पप्पी ने बताया कि समाजसेवी सुनील व्दिवेदी, गौ सेवा समिति के बलराम जसूजा-हरीश गढ़ेकर-दीपक पाल, विजय हारोड़े, रोशनलाल मोखडे आदि के मार्गदर्शन में यह अभूतपूर्व आयोजन किया जा रहा है। समिति के अनुसार 17 दिसंबर की शाम को परमपूज्य वेदांती जी महाराज का बैतूल आगमन होगा। जिन्हें रेलवे स्टेशन से हाउसिंग बोर्ड गंज स्थित संत निवास तक गाजे बाजे के साथ लेकर जाएगे। 18 दिसंबर को दोपहर 1 बजे सभी रामभक्त महिला पुरूष न्यू बैतूल स्कूल ग्राऊंड में एकत्रित होंगे। यहां हनुमान मंदिर से धर्म ध्वजा यात्रा और कलश यात्रा धूमधाम से निकलेगी। जो थाना चौक, लल्ली चौक, बस स्टैंड, राजा भोज चौक, शिवाजी चौक होते हुए शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम पहुंचेगी। यहां धर्मध्वजा की अस्थाई स्थापना की जाएगी। इसके बाद सभी कलश और धर्म ध्वजा की सामूहिक आरती होगी। 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक लगातार 6 दिन रामलला रामकथा संत रामविलास वेदांती जी के श्रीमुख से दोपहर 2 से 6 बजे तक होगी। 25 दिसंबर को समापन कार्यक्रम में कथा सुबह 11 बजे से 2 बजे तक और इसके बाद हवन व भंडारा होगा। शाम को धर्म ध्वजा की स्थापना राम मंदिर में होगी। आयोजन समिति की बैठक में उपरोक्त अतिथियों के अलावा जयदीप रूनवाल, पिंकी भाटिया, गौभक्त गिरीश खंडेलवाल, डा. ललित सरले, राजेश चौहान, नरेश टंडन, अनिकेत सन्नी मानव, सुधीर उमप, दीप मालवीय, प्रमेश राजपूत सहित महिला समाजसेवियों में श्रीमती वंदना कुंभारे, श्रीमती निमिषा पप्पी शुक्ला, तूलिका पचौरी, प्रमिला सिमैया, सुशीला बोडखे आदि मौजूद रहे। समिति ने सभी रामभक्तों से इस भव्य धार्मिक आयोजन में बढ़-चढक़र शामिल होने की अपील की है।

## भावांतर भुगतान योजना की समीक्षा में बैतूल कलेक्टर ने पकड़ी अनियमितता

### बिना सिकमी पंजीयन कराने वाले 4 व्यक्तियों पर कराई एफआईआर

**बैतूल।** जिले में भावांतर भुगतान योजना का क्रियान्वयन शासन की मंशानुरूप सुनिश्चित किया जा रहा है। गुरुवार को बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने योजना में पंजीयन सत्यापन की विस्तृत समीक्षा की, जिसमें गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। समीक्षा में पाया गया कि प्राथमिक सहकारी समिति भैंसदेही और चिल्कापुर में बिना सिकमी (बटाई/ठेका) के पंजीयन कराया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर इस गड़बड़ी में शामिल चार व्यक्तियों पर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जिले की निर्धारित 56 समितियों की समीक्षा के दौरान दो समितियों में गड़बड़ी पाई गई। कलेक्टर ने तत्काल एसडीएम भैंसदेही और तहसीलदार भीमपुर को जांच सौंपकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि ग्राम बांटलाकलां (भैंसदेही) निवासी कृतिका धाड़से, रहियटदादु (चिचोली) निवासी भावेश धाड़से और मीनाक्षी धाड़से,इन तीनों ने बिना सिकमी पंजीयन कराया था। वहीं ग्राम जामझीरी (भैंसदेही) निवासी सहादेव मकोड़े द्वारा योजना शुरू होने से पहले नियमविरुद्ध पंजीयन कराया गया। वास्तविक भूमि स्वामियों ने स्पष्ट बताया कि वे स्वयं अपनी भूमि पर खेती कर रहे हैं और किसी को ठेका या बटाई पर भूमि नहीं दी है। इससे यह प्रमाणित हुआ कि योजना का लाभ गैरकानूनी ढंग से लेने की मंशा से पंजीयन कराया गया था।

कलेक्टर की सजगता और तत्परता से शासन को आर्थिक नुकसान होने से बचा लिया गया। उन्होंन न केवल चारों व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर एफआईआर करवाई बल्कि चारों के भुगतान पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पंजीयन सत्यापन में लापरवाही पाए जाने पर तहसीलदार भीमपुर और नायब तहसीलदार झल्लार को नोटिस जारी कर जवाब-तलब भी किया हैं।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी ज्वार खरीदी में कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की माइक्रो मॉनिटरिंग से शासन को 26 करोड़ रुपये से अधिक के संभावित आर्थिक नुकसान से बच गया। समर्थन मूल्य पर ज्वार खरीदी के दौरान जिले में अनुचित लाभ लेने की मंशा से लगभग 1043 अवैध पंजीयन कराए गए थे, जिन्हें समय रहते असत्यापित कर दिया गया।

### आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया

## दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को आजीवन कारावास

**बैतूल।** चिचोली थाना क्षेत्र की अवयस्क बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। दरअसल पीड़िता ने थाना चिचोली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बुआ के घर शादी होने के कारण वह आयी हुई थी। 23 मई 2023 को जब पीड़िता की बुआ के घर में शादी का कार्यक्रम था, तब रात्रि 9 बजे पीड़िता के बुआ के घर के सामने रहने वाले आरोपी संजय और आशाराम ने पीडिता को बोला कि चल 5 मिनट में कोलड्रिंक लेकर आते है और पीड़िता को मोटरसाइकल पर बैठाकर बाजार तरफ ले गए, जहां दुकाने बंद हो गई थी। घर वापस आते समय आशाराम ने एक खेत में ले जाकर मोटरसाइकल रोकी और जबरदस्ती खेत में ले गए। पीड़िता ने दोनों आरोपीगण से कहा कि उसे घर छोड़ दें तो आशाराम जबरदस्ती करने लगा। पीड़िता ने आशाराम को बोला कि घर में बता दूंगी तो आशाराम बोला कि तू बतायेगी तो तेरी ही बेज्जती होगा, मेरा कुछ नहीं होगा। इसके बाद आरोपी संजय और आशाराम ने जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोपी पीड़िता को खेत में छोडक़र भाग गए। घर आने के बाद पीड़िता ने घटना में बारे में अपने परिवार वालो को बताया और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। आवश्यक अनुसंधान पूर्ण कर विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय बैतूल के समक्ष विचारण के लिए प्रस्तुत किया गया। उक्त घटना की पुष्टि डीएनए रिपोर्ट से भी हुई। न्यायालय के समक्ष विचारण के दौरान अभियोजन ने अपना मामला युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित किया, जिसके आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्ध पाकर उपरोक्त दण्ड से दंडित किया गया।

## ठिठुरन बढ़ीः 2.5 डिग्री गिरा रात का तापमान

**बैतूल।** जिले में सर्दी ने जोर पकड़ लिया है। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के चलते बीती रात तापमान में ढाई डिग्री की भारी गिरावट दर्ज की गई। शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जिसने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। शुक्रवार रात तापमान 11.2 डिग्री था। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई बर्फबारी के बाद ठंडी हवाएं अब मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रही हैं। इसी के चलते बैतूल और आसपास के इलाकों में तापमान में अचानक गिरावट आई है। दिसंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड और बढने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो से तीन दिनों तक रात का तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। दिन में हल्की धूप रहेगी, लेकिन ठंडी हवाएं चलने से मौसम शुष्क बना रहेगा। विभाग ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि यह मौसम चना, गेहूं, मसूर और मटर जैसी रबी फसलों की बुआई के लिए उपयुक्त है। रात का तापमान कम होने से मिट्टी में नमी बनी रहती है, इसलिए सिंचाई का अंतराल बढ़ा दें।



### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनी सड़क हुई बदहाल, जिम्मेदार बेखबर

# पांच साल भी नहीं चल सकी सड़क, जगह जगह से उखड़ी, पुलिया भी हुई क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



गुराड़दा से झोझकपुरा को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़क को महज 5 वर्ष भी अभी पूरे नहीं हुए है और अब यह सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में जमकर लापरवाही बरती गई, जिसका खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, कई स्थानों पर डामर पूरी तरह उखड़ चुका है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। इस सड़क पर बने नाले की पुलिया को भी तय मापदंडों के अनुसार नहीं बनाया गया है। पुलिया के दोनों ओर सेफ्टी वॉल (सुरक्षा दीवार) नहीं बनाई गई, जिससे बारिश के दौरान पुलिया के किनारों में तेज कटाव हो गया है। इससे पुलिया के धंसने का खतरा भी लगातार बना हुआ है और कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## शिकायत के बाद भी सिर्फ खानापूर्ति

ग्रामीणों की पूर्व शिकायत पर विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर निरीक्षण भी किया गया था, लेकिन उसके बाद ठेकेदार द्वारा केवल खानापूर्ति करते हुए कुछ पत्थर नाले के किनारे लगा दिए गए और पिलरों पर रंग-रोगन कर इतिश्री कर ली गई। स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं किया गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ठेकेदार की गारंटी अवधि अब समाप्त होने के करीब है। गारंटी की अवधि मात्र 6 माह की ओर बची है। 5 जून 2026 को यह अवधि खत्म हो जाएगी। यदि इस दौरान सड़क और पुलिया की मरम्मत नहीं कराई गई, तो भविष्य में सड़क की मरम्मत कराना ओर भी मुश्किल हो जाएगा। इससे गुराड़दा, झोझकपुरा सहित आसपास के ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। सड़क की जर्जर हालत को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए। पुलिया के दोनों ओर सेफ्टी वॉल का निर्माण कराया जाए। गारंटी अवधि के भीतर संपूर्ण सुधार कार्य पूर्ण कराया जाए। प्रधानमंत्री सड़क के सहायक यंत्री संतोष मंशोरे ने बताया कि ठेकेदार का कार्य इस क्षेत्र में चल रहा है 5 से 6 दिन में इस रोड़ की मरम्मत का कार्य हो जाएगा।



# जंगलों के रास्ते तस्करी पर गो सेवकों का एक्शन 16 गो वंश मुक्त, गो सेवकों को मिली कामयाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



गौवंश तस्करी के बदलते तरीकों के बीच, गौसेवकों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। इटारसी के कांदई ग्राम के पास से अवैध रूप से गौवंश भरकर ले जाई जा रही दो पिकअप वाहनों को हिन्दू महाशक्ति संघ के जिला ग्रामीण अध्यक्ष भीम यादव और कांदई ग्राम सरपंच की मुस्तैदी से पकड़ा गया।

इन वाहनों से करीब 15 से 16 गौमाताओं को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। गौतस्करों पर लागू गौवंश संवर्धन और सुरक्षा कानूनमध्य प्रदेश सरकार ने गौवंश तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए हाल ही में मध्य प्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध (संशोधन) अधिनियम 2024 लागू किया है, जिसे गौवंश संवर्धन और सुरक्षा कानून के नाम से भी जाना जाता है।

### नए कानून के तहत मुख्य प्रावधान सजा का प्रावधान :

गौ तस्करी करते पकड़े जाने वाले आरोपी के लिए 7 साल तक की कड़ी जेल की सजा का प्रावधान है।

### वाहन राजसात

तस्करी में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को भी राजसात (जब्त) करने का सख्त प्रावधान है।

इस कानून के तहत लिप्त पाए जाने वाले आरोपी सिर्फ कलेक्टर कोर्ट में ही अपनी याचिका लगा सकेगा।

### गैर जमानती अपराध

गौ तस्करी से संबंधित अपराध को संज्ञेय और गैर-जमानती माना गया है। रात के अंधेरे में भागे तस्करग्रामीणों और गौसेवकों ने दोनों वाहनों – एमपी 05 जी 6194 और एमपी 04 जी 4009 को गांव में रोक लिया। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर लगभग 6 से 7 गौ तस्कर भागने में सफल रहे। वाहनों में गौवंशों के लिए भूसा भी भरा था।रामपुर थाना प्रभारी विपिन पाल ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि वाहन मालिक का पता लगाकर आरोपियों की जानकारी ली जाएगी और नए कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी साथी गौसेवक गुर्रा थाने पहुंचे, जहां गुर्रा थाना प्रभारी द्वारा आगे की जांच जारी है।गौसेवकों की मुस्तैदी ने बदली तस्करी की राहमुख्य सडक़ों पर सख्ती बढऩे के बाद गौवंश तस्करों ने अब गांवों और जंगल के रास्ते छिपकर तस्करी शुरू कर दी है। इसी कारण गौरक्षक टीम और गांव के लोग इन रास्तों पर लगातार कड़ी नजर रखे हुए थे।

हिन्दू महाशक्ति संघ की इस मुस्तैदी के कारण ही यह बड़ी तस्करी पकड़ी जा सकी, जिसने साबित कर दिया कि तस्करी का रास्ता चाहे जो भी हो, गौसेवकों की चौकसी अब हर जगह बढ़ गई है।

### इटारसी में नर्मदापुरम पिकलबॉल एसोसिएशन का गठन, जग्गी बने अध्यक्ष

**इटारसी।** अनुभाग में पिकलबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को ग्रैंड एवेन्यू कॉलोनी स्थित पिकलबॉल कोर्ट में सर्वसम्मति से नर्मदापुरम पिकलबॉल एसोसिएशन का गठन किया। एसोसिएशन में खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह जग्गी, उपाध्यक्ष गोल्डी मौलासरिया, विपिन चांडक, विकास जुनेजा, अंशुल मिश्रा, सचिव अजय दवे, कोषाध्यक्ष वरुण चीजवानी, सह-सचिव हिमांशु सोनी, तरुण रायचंदानी बनाये गये। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे सहित दिनेश गोठी, बीएस चौहान, राकेश दुबे, और अजय पांडे ने संरक्षक गण की जिम्मेदारी ग्रहण की। गठन के समय अंश दवे, राहुल, सजल गोठी, शुभांशी मौलासरिया, इष्टदीप सिंह, नवीन नवलानी, यशराज सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# इटारसी रेलवे स्टेशन के सामने स्वच्छता की दुर्दशा, नालियों से निकला ढेर सारा कचरा, नहीं हो रही नियमित सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे स्टेशन के सामने की व्यावसायिक पट्टी पर शनिवार नगर पालिका के सफाई अभियान के दौरान जो दृश्य सामने आया, उसने एक बार फिर दुकानदारों के नागरिक कर्तव्यों के प्रति उदासीनता और बाजार की बदहाल सफाई व्यवस्था को उजागर कर दिया है।

दुकानदारों की लापरवाही का नतीजा सफाई टीम ने जब इन दुकानों के सामने की नालियों की सफाई शुरू की, तो बड़ी मात्रा में हैरान कर देने वाला कचरा निकला। इसमें मुख्य रूप से चिप्स, कुरकुरे और अन्य खाद्य सामग्री के खाली पाउच, पान मसाले के पाउच और पॉलिथीन शामिल थे, जिन्हें दुकानदारों/ग्राहकों ने सीधे नालियों में डाल दिया था। **डस्टबिन नदारद:** वर्षों पहले इन सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन रखने की सख्त हिदायत दी गई थी, इसके बावजूद मौके पर किसी भी दुकान के सामने डस्टबिन दिखाई नहीं दी। **अतिक्रमण से अवरुद्ध नालियां :** कई दुकानदारों ने नालियों पर आगे तक सामान रखकर उन्हें बंद करने की असफल कोशिश की है, जिसके कारण कचरा बाहर नहीं निकल पाता और नाली पूरी तरह जाम हो जाती है। इसी लाइन में आगे भी अतिक्रमण के कारण नालियां कचरे से अटी पड़ी हैं। **जागरूकता अभियान हुआ बेअसर:** याद रहे कि कुछ साल पहले विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा स्वयं एक जागरूकता अभियान के तहत इन दुकानदारों के सामने हाथ जोड़कर निवेदन करने पहुंचे थे कि वे सफाई में सहयोग करें और डस्टबिन का उपयोग करें। इस पहल का कुछ दिनों तक असर दिखा, लेकिन जैसे ही नगर पालिका ने अभियान बंद किया, दुकानदार फिर से स्वच्छंद हो गए। इसका सीधा नतीजा यह है कि अधिकांश दुकानदारों का सहयोग नहीं मिलने के कारण बाजार की सफाई व्यवस्था चौपट चल रही है। **सभापति का एक्शन, जमादार को हटाया:** नगर पालिका सभापति राकेश जाधव ने स्वच्छता दल के साथ स्टेशन रोड क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्ग पर फैली गंदगी देखकर उन्होंने तत्काल वार्ड जमादार को हटाने के निर्देश दिए। सभापति जाधव ने इस दौरान दुकानदारों से स्वच्छता में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी दुकानदार अपनी-अपनी दुकान के स्थान पर डस्टबिन रखें और कचरा सड़क पर न फेंकें।

उन्होंने कहा, स्टेशन रोड हमारे शहर का मुख्य मार्ग है। यहां किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। स्वच्छता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। सभापति के सामने खड़े होकर यहां सफाई कराई गई, तो बड़ी मात्रा में नालियों से कचरा निकाला।



# पत्रकार भवन में आयोजित चाणक्य टूर्नामेंट की तारीखें तय, अंडर-15 लेदर बॉल टूर्नामेंट भी होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



इटारसी क्रिकेट संघ ने पत्रकार भवन में आयोजित बैठक में आगामी दो बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट की तारीखों को अंतिम रूप दे दिया है। संघ के सभी सदस्यों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया कि खिलाड़ियों को लगातार अवसर प्रदान किए जाएंगे।

### पहला टूर्नामेंट, चाणक्य क्रिकेट टूर्नामेंट

वरिष्ठ खिलाड़ियों और संघ के सदस्यों की सहमति से यह तय किया गया है कि चाणक्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 28 दिसंबर से 4 जनवरी तक किया जाएगा। चूंकि जनवरी के पहले सप्ताह में गांधी ग्राउंड में अन्य टूर्नामेंट भी प्रस्तावित हैं, इसलिए चाणक्य टूर्नामेंट को इस समय सीमा में पूरा करने का निर्णय लिया गया है।

### दूसरा टूर्नामेंट, अंडर-15 लेदर बॉल क्रिकेट

युवा प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से अंडर-15 लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 17 जनवरी से 25 जनवरी के बीच किया जाएगा। यह टूर्नामेंट इटारसी में क्रिकेट के भविष्य को मजबूती देगा। अंडर-15 के सभी मैच एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल मैदान में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में बाहर के शहरों से आने वाली टीमों के लिए इटारसी क्रिकेट संघ द्वारा एक तरफ का किराया (फेयर) और रुकने तथा खाने की सभी व्यवस्था की जाएगी। अभी तक इस टूर्नामेंट के लिए इंदौर, भोपाल, बैतूल, बानापुरा और नागपुर की टीमों ने अपनी सहमति दे दी है। बैठक में वरिष्ठ खिलाड़ी उमेश द्विवेदी, अनिल राठी, जितेंद्र ओझा, सुनील औरंगाबाद, कल भूषण मिश्रा, अतुल राठौर, राकेश पांडेय, क्रिकेट कोच राजीव दुबे, क्रिकेट संघ के सचिव अमित जायसवाल और संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह जग्गी आदि शामिल थे।

# खेड़ा के पास बने ओवरब्रिज का राज्यसभा सांसद नारोलिया आज करेंगी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



होटल द पार्क के सामने स्थित रेलवे ओवरब्रिज की खराब स्थिति को देखते हुए, रविवार को राज्यसभा सांसद माया नारोलिया द्वारा इसका निरीक्षण किया जाएगा। यह निरीक्षण प्रातः 10:30 बजे शुरू होगा। इस दौरान रेलवे के संबंधित विभागों, जिनमें मुख्य रूप से इंजीनियरिंग विभाग शामिल है, के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहेंगे। ये अधिकारी सांसद को ब्रिज के निर्माण की तकनीकी जानकारी और वर्तमान स्थिति का आवश्यक विवरण प्रदान करेंगे।

**बदहाल ब्रिज से स्थानीय लोग परेशान**

स्थानीय नागरिक लंबे समय से इस ब्रिज के पुनर्निर्माण का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि यह ब्रिज बनने के तुरंत बाद ही क्षतिग्रस्त एवं गड्ढों में तब्दील हो गया था। इस कारण से यातायात में भारी असुविधा हो रही है। निरीक्षण के दौरान, सांसद नारोलिया ब्रिज की मौजूदा व्यवस्थाओं का बारीकी से मूल्यांकन करेंगी और रेलवे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की संभावना है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि यह ब्रिज जल्द ही पूर्ण रूप से चालू हो जाता है, तो यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा और रोज आवाजाही करने वालों को बड़ी राहत मिलेगी।

# डॉ भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




नगर भाजपा कार्यालय में शनिवार को भाजपा विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष नीना न व नी त ना ग पा ल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी सहित अन्य सभी पार्षदों के साथ पूर्व सांसद प्रतिनिधि अरविंद राय सुजीत रघुवंशी सहित अन्य सभी शामिल हुए। सभी के द्वारा डाक्टर भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर भारत के संविधान निर्माता थे। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि 14देश के संविधान को मिलाकर उन्होंने भारत के संविधान की रचना की थी। अरविंद राय ने कहा कि अबेंडकर ने जाति छुआ छुती को मिटाकर सभी को स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया था।

# बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धासुमन किए अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 70 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शनिवार को गांधी नगर स्थित महादलित परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा जिला महामंत्री मुकेशचंद्र मैना के निवास पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

वार्ड विकास समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बाबासाहेब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उनके ऐतिहासिक और अतुलनीय योगदानों का स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बाबासाहेब का संपूर्ण जीवन देश के शोषित, वंचित, पिछड़े एवं सभी वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष और सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रेरणास्त्रोत रहा है।

बाबासाहेब के विचार आज भी हमें लोकतांत्रिक मूल्यों, समानता, बंधुत्व एवं न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनका संघर्ष, त्याग और योगदान युगों-युगों तक देशवासियों का मार्गदर्शन करता रहेगा। सभा में वार्ड विकास समिति के सचिव राजकुमार दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, वार्ड पार्षद एवं समिति संरक्षक राकेश जाधव, समिति प्रवक्ता सुनील दुबे, रोहित अहिरवार, संदीप सोनकर, भाजपा नगर महामंत्री शैलेन्द्र दुबे, संतोष चुटिले, सतीश पटेल एवं सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय के दो मेधावी छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय संदीपनि विद्यालय के दो मेधावी विद्यार्थियों को गुजरात राज्य में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए चुना गया है। यह गौरवपूर्ण यात्रा आईआरसीटीसी द्वारा आयोजित की जा रही है।शैक्षणिक योग्यता के आधार पर पूरे प्रदेश से चयनित होने वाले इन विद्यार्थियों में कक्षा 11 वीं के आजाद यादव और प्रथा चौहान शामिल हैं। इन दोनों विद्यार्थियों ने विद्यालय के टॉपर के रूप में अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है। यह शैक्षिक यात्रा गुजरात राज्य के विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक स्थलों के भ्रमण के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है, जो छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए एक विशेष अवसर है।9 दिसंबर को होंगे रवानासभी चयनित विद्यार्थी 9 दिसंबर 2025 को भारत गौरव स्पेशल ट्रेन से इस शैक्षणिक यात्रा के लिए रवाना होंगे। विद्यालय प्राचार्य एनपी चौधरी एवं उप-प्राचार्य उपेंद्र साहू सहित पूरे विद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके सफल एवं ज्ञानवर्धक भ्रमण की कामना की।

### सोनासांवरी आरओबी की तीसरी भुजा कटी

# सोनासांवरी रेलवे ओवरब्रिज की तीसरी भुजा पर विवाद हो गया खड़ा, डेढ़ दर्जन गांवों का भविष्य संकट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



करीब 40 रुपए करोड़ की लागत से बन रहे सोनासांवरी रेलवे ओवरब्रिज की तीसरी भुजा पर गहरा विवाद खड़ा हो गया है। विधानसभा में लोक निर्माण मंत्री द्वारा इसे दुर्घटना की आशंका बताकर टालने के बाद, क्षेत्र के डेढ़ दर्जन गांव के भविष्य की सुविधाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अगर न्यास बाईपास लिंक नहीं बना, तो ग्रामीणों को सिर्फ लंबा चक्कर ही नहीं, बल्कि मानसून में जलजमाव का दर्द भी झेलना पड़ेगा, जिससे मानसून में शहर से उनका संपर्क कट सकता है।

न्यास बाईपास लिंक के अभाव में, ग्रामीणों को शहर में अनावश्यक रूप से लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा, जिससे आंतरिक मार्गों पर ट्रैफिक जाम बढ़ेगा। बारिश में पुलिया पर पानी भरने से घंटों रास्ता बंद रहता है, तीसरी भुजा इसका स्थायी समाधान थी। लिंक न बनने पर मानसून में गंभीर जलजमाव से संपर्क टूट जाएगा। ब्रिज का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधे कनेक्टिविटी देना था, जो इस भुजा के कटने से पूरा नहीं होगा।

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जब मूल डिज़ाइन के मुताबिक राशि मंजूर हुई थी, तो अधिकारियों ने डिज़ाइन बदली। मेनिट ने पहली डिज़ाइन में दुर्घटना की संभावना नहीं बताई, लेकिन बाद की डिज़ाइन में बताई, यह कन्फ्यूजन कतिपय लोगों के निहित स्वार्थों को दर्शाती है। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि यह प्रोजेक्ट भविष्य में शहर की लाइफ लाइन सिद्ध होगा। हम मंत्री के जवाब की गहन स्टडी करेंगे और इटारसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे।

# 23 दिन बाद भी नहीं हुई पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




वर्तमान पुलिस थाना कमलापुर अंतर्गत आने वाला पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा बिना प्रभारी के संचालित हो रहा है। यहां पर पदस्थ प्रभारी राकेश नरवरिया को साइबर ठगी के मामले में निलंबित किया गया है जिसके बाद विभाग अभी तक यहां पर प्रभारी की नियुक्ति नहीं कर पाया है। 13 नवंबर को पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद द्वारा कार्रवाई करते हुए नरवरिया को निलंबित किया गया था। जब से ही यह पद खाली है।पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा संवेदनशील क्षेत्र है, इसके बावजूद भी यहां पर प्रभारी की नियुक्ति न होना से कई प्रकार की चर्चाओं के दौर जारी है। पहली बार देखने में आया कि इतने दिनों बाद भी प्रभारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते कहीं ना कहीं प्रभारी की नियुक्तियों में अड़चन आ रही है। पहली बार देखने में आया है कि इतने दिनों के बाद भी उक्त चौकी बिना प्रभारी के चल रही है। एक समय यह था की चापडा में पोस्टिंग के लिए नम्बर लगते थे लेकिन अब बागली के बिगड़े सिस्टम के कारण कोई यहां आना नहीं चाह रहा है। सिस्टम में हस्तक्षेप के चलते अधिकारी भी पोस्टिंग नहीं कर पा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### आज बंद रहेगी बिजली

**हरदा।** रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली गुल रहेगी। यह बिजली कटौती 33/11 केवी हरदा शहर उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी गुप्तेश्वर मंदिर और 11 केवी इंदौर रोड फीडर से संबंधित क्षेत्रों में होगी। 11 केवी गुप्तेश्वर फीडर पर मेंटनेंस कार्य के कारण बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में सिंधी कॉलोनी, विपट कॉलोनी, राजधानी कॉलोनी, ड्रीमलैंड कॉलोनी, ब्रजधाम कॉलोनी, रौनक बिहार कॉलोनी, घंटाघर क्षेत्र, अभिषेक ग्रीन वैली, सिविल लाइन, खंडवा बायपास, भवानी कुंज और खेड़ीपुरा शामिल हैं। कंपनी के जेई राकेश सिलोरिया ने बताया कि 33/11 केवी हरदा शहर उपकेंद्र पर कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते उपकेंद्र से निकलने वाले समस्त 11 केवी इंदौर रोड और गुप्तेश्वर मंदिर फीडर से संबंधित क्षेत्रों में लाइट बंद रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि आवश्यकता के अनुसार बिजली कटौती के समय को घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

### युवती ने दर्ज कराया दुष्कर्म का मामला

**हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवती ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शुक्रवार रात को पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 के तहत केस दर्ज किया। युवती ने अपने घर के सामने रहने वाले एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। एएसपी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि यह घटना 2 दिसंबर को हुई थी। जब वह अपने घर के बाहर खड़ी थी, तब आरोपी महेश ने उसे शादी का झांसा दिया। आरोपी उसे घर के अंदर ले गया और उसकी मर्जी के बिना दुष्कर्म किया। युवती ने तुरंत अपनी मां को इस घटना के बारे में बताया। हालांकि, अगले दिन बड़ी बहन का सीजर ऑपरेशन होने के कारण वह तुरंत थाने नहीं जा सकी। बाद में युवती ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। एएसपी मिश्रा ने बताया कि आरोपी युवक की तलाश के लिए एक टीम भेजी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बिजली कंपनी की टीम ने बिजली चोरी का मामला पकड़ा

**हरदा।** बिजली कंपनी के अधिकारियों ने शनिवार को पीलिया खाल स्थित नर्मदा ग्रीन कॉलोनी में बिजली चोरी का एक मामला पकड़ा है। यहां एक शेड बनाने के लिए सीधे बिजली के खंभे से तार डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। कंपनी ने बेल्डिंग मशीन चलाने वाले कृष्णा पासी के खिलाफ बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। मौके पर बेल्डिंग मशीन और लकड़ी काटने वाली दो कटर मशीनें चल रही थीं। कंपनी के जेई पवन बारस्कर ने बताया कि उन्हें कॉलोनी के आसपास के लोगों से बिजली चोरी की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान टीम ने पाया कि करीब साढ़े पांच किलोवॉट बिजली की चोरी की जा रही थी। टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार कर एक बेल्डिंग मशीन और लगभग सौ फीट तार जब्त किया है। बताया जा रहा है कि कॉलोनी में विकास कार्य करने वालों और आसपास के लोगों के बीच आपसी विवाद चल रहा है, जिसके कारण यह शिकायत की गई हो सकती है।

### नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

**सीहोर।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

### बाबा साहब अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

# डॉ. अंबेडकर के विचारों, त्याग बलिदान और संघर्ष पर चर्चा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, रोजगार और अनुसूचित जाति एवं जनजाति




के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर देने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ की। विभिन्न वक्ताओं ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों, त्याग, बलिदान और संघर्ष पर चर्चा की। जिले के अलग-अलग गांवों से महिलाएं, युवा और बुजुर्ग ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली से कार्यक्रम में शामिल हुए।

महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में शहर के मुख्य चौराहों से एक रैली निकाली गई। शहर के सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया। रैली का समापन अंबेडकर चौक पर हुआ। कार्यक्रम के अंत में सामाजिक कार्यकर्ता सुखराम बामने ने 'आरक्षण बचाओ, संविधान बचाओ' पर बात रखी। एससी-एसटी युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल पवार ने कहा कि जहां भी समाज पर अन्याय होगा, वे आवाज उठाएंगे। भीम आर्मी के नेता महेंद्र काशिव मेहरा ने शासन-प्रशासन पर योजनाओं का लाभ लोगों तक न पहुंचाने और भेदभाव जारी रहने का आरोप लगाते हुए जल्द सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी। इस अवसर पर अजाक्स जिला अध्यक्ष सुनील चौरे, आर.सी. लोगरे, करण हीरे, प्रभुदयाल उमरिया, रघुवीर डोयरे, गोलू भवरे, रामानंद सोनिया, आनंद काशिव, जयकुमार उइके, सत्यनारायण सुचार, देवीसिंह परते, नरेंद्र काशिव सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### श्रद्धांजलि अर्पित की

अंबेडकर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किए गए और माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। परिषद की प्रदेश अध्यक्ष और अजाक्स की पूर्व जिलाध्यक्ष सीमा निराला ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त विषमता, अन्याय और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया था। परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष और अजाक्स के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश मसकोले ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन के बारे में बताया कि बाबा साहब के विचार, सिद्धांत और दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की नींव हैं। इस अवसर पर राजकुमार मर्सकोले, बलराम आहके, सुभाष मसकोले, ज्योति परते, सुनील चौरे, बबीता जोठे, मीना उमरिया, फूलसिंह उईके, रमेश अहिरवार, पंचम उईके, मुकेश इवने, जीपी.अहिरवार और सुनील उईके सहित अन्य सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

### अधिकारी बोले जल्द करेंगे निराकरण

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रहटगांव में रात्रि में लगती है असुरक्षा



**रहटगांव।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रहटगांव में पहले से ही स्टाफ की कमी है और जहां पर पदस्थ डॉक्टर 2 साल के लिए बाहर हैं। यहां पर जितना स्टाफ होना चाहिए वह स्टाफ नहीं है जिससे यहां पर आने वाले मरीजों को और प्रसुति वाली महिलाओं को भी दिक्कत तो होती है। साथ ही यहां पर काम करने वाले कर्मचारियों पर भी अतिरिक्त दबाव रहता है। यहां प्रसूति वाली महिलाओं के साथ अन्य महिलाएं रात में रुकती हैं। जहां पर सुरक्षा गार्ड भी नहीं है और वर्तमान में तो एक स्टाफ नर्स ही रात में रहती है जिसे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। वहीं यहां पर स्थायी रूप से महिला एवं पुरुष डॉक्टर होना चाहिए। ग्रामीणों ने बताया की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो स्टाफ नर्स होना चाहिए एवं रात्रि में सुरक्षा गार्ड होना आवश्यक है। क्योंकि रहटगांव एवं आसपास के लगभग 70 गांव के लोग इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपना इलाज के लिए आते हैं जहां पर धीरे-धीरे व्यवस्था में कमी आने लगी है हालांकि जिला स्वास्थ्य अधिकारी एचपी सिंह ने आश्वस्त किया है कि जल्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में समस्त प्रकार की सुविधा दी जाएंगी।

### दो भाइयों पर मामला किया दर्ज

**सीहोर।** कोतवाली थाना पुलिस ने बिलकिसगंज स्थित शांति मेडिकल के संचालक लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा उसके छोटे भाई अशोक विश्वकर्मा पर धोखाधड़ी और अड़ीबाजी का मामला दर्ज किया गया है। दोनों भाइयों पर फर्जी दस्तावेज (स्टाम्प) के सहारे एक व्यक्ति को धमकाकर 35 लाख मांगने का आरोप है।

## प्रत्येक मतदान केन्द्र में होगा एएसडीआर की अंतरिम सूची का वाचन



**हरदा।** जिले की विधानसभा क्षेत्र 134 टिमरनी एवं 135 हरदा के प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा तैयार किए गए शेड्युल अनुसार 8 से 10 दिसम्बर तक एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मृत/शिफ्टेड/रिपिटेड अनुपस्थित पाए गए मतदाताओं की तैयार की गई अंतरिम सूची का वाचन मतदान केन्द्र पर किया जाएगा। वाचन के दौरान सुपरवाइजरी अधिकारी, बूथ लेवल आफिसर, बूथ लेवल एजेंट, मतदान केन्द्र क्षेत्र में कार्यरत पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सचिव, जीआरएस, आशा कार्यकर्ता के साथ ही गणमान्य नागरिक सरपंच, उपसरपंच, पंचगण आदि उपस्थित रहेंगे। सभी मतदान केन्द्र क्षेत्र में किए जाने वाले वाचन कार्य का व्यापक प्रचार कराया जाएगा। अंतरिम सूची के वाचन के दौरान यदि एएसडीआर सूची में से यदि कोई मतदाता जीवित / उपस्थित पाया जाता है तो बीएलओ द्वारा उसे फिर से मेप किया जा सकेगा।

वर्तमान में एसआईआर अंतर्गत गणना फार्म भरकर देने का कार्य 11 दिसम्बर तक संपन्न किया जाना है। एएसडीआर सूची एवं प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन प्रत्येक मतदान केन्द्र, जिले की वेबसाइट पर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों पर 16 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि मतदाताओं को वितरित किये गये 100 प्रतिशत गणना फार्म बीएलओ को वापस प्राप्त करना होगा चाहे मतदाता का नाम अनमेप्ड अथवा अनकलेक्टेड सूची में दर्ज हो। सभी राजनैतिक दलों की बैठक आहुत की जाकर उनसे मतदान केन्द्रवार तिथि समय सहित वाचन के कार्यक्रम का शेड्यूल शेयर किया गया है। मतदान केन्द्र पर आयोजित बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने नियुक्त किये गये बूथ लेवल एजेंटों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने हेतु कहा गया है।

## होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



होमगार्ड स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को होमगार्ड कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक शंशाक तथा विधायक हरदा डॉ. आरके दोगने का एएसआई उमेश खले ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। परेड कमाण्डर शिवराज चौधरी प्लाटून कमाण्डर द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई।

कार्यक्रम में होमगार्ड बल के दो प्लाटून तथा एक प्लाटून सिविल डिफेन्स द्वारा मार्च पास्ट किया गया। प्रथम प्लाटून का नेतृत्व हवलदार स्टोरमेन दीपक ठाकुर, द्वितीय प्लाटून का नेतृत्व संतोष ओझा सैनिक एवं तृतीय सिविल डिफेन्स प्लाटून का नेतृत्व प्रेमेन्द्र साकल्ले द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अधिकारी कर्मचारी व जवानों के मेधावी छात्र छात्राओं को मुख्यालय से प्रदाय प्रशसित पत्र एवं पुरस्कार राशि के चेक वितरित किए गए। इस दौरान अतिथियों द्वारा आपदा प्रबंधन प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी, जवान, सिविल डिफेन्स व उनके परिवार के सदस्यों ने खेलकुद कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान रस्साकसी, मटकी फोड़, कुर्सी दौड़ जैसे खेलों का आयोजन किया गया। रस्साकसी में सिविल डिफेन्स के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में होमगार्ड जवान एवं उनके परिवार के बच्चों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस एवं अन्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्याज के वाजिब दाम नहीं मिलने पर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिले के किसानों ने प्याज को मिल रहे नाममात्र के दाम से परेशान होकर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने ग्राम हसनाबाद से लेकर चंदेरी तक बाइक रैली निकालकर मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री का ध्यान इस संकट की ओर आकर्षित किया। रैली में किसान अपनी मोटरसाइकिलों पर प्याज की बोरियां रखकर निकले। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में निकाली गई प्याज रैली में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। मेवाड़ा ने बताया कि मंडी में प्याज का थोक मूल्य गिरकर महज एक रुपए से सात-आठ रुपए प्रति किलो रह गया है। किसानों ने कहा कि पहले सोयाबीन की फसल बर्बाद हुई और अब प्याज के दाम इस कदर गिरे हैं कि वे पूरी तरह बर्बाद हो रहे हैं। बने सिंह मेवाड़ा, प्रेमनारायण वर्मा, राधेश्याम वर्मा, महेश मेवाड़ा सहित दर्जनों किसानों ने बाइक रैली के माध्यम से सरकार से हस्तक्षेप करने और किसानों को उचित दाम दिलाने की मांग की।

## खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए



**हरदा।** खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने शनिवार को खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि इस दौरान गुप्ता ट्रेडर्स खिरकिया से सन स्वीट सोया तेल का सैंपल लिया गया। इसी प्रकार शुक्रवार को हरदा में श्रीकृष्णा होटल फास्ट फूड नेहरू स्टेडियम के पास से यूज्ड कुकिंग आयल सोया तेल का सैंपल जांच हेतु लिया गया। सैम्पल जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा। कांबले ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## संपूर्ण सुकन्या जिला अभियान: तहसीलदार ने पुत्री का सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



संपूर्ण सुकन्या जिला अभियान को प्रोत्साहन देते हुए तहसीलदार, हंडिया वीरेंद्र उइके ने अपनी पुत्री का सुकन्या समृद्धि खाता हरदा डाकघर में खुलवाया। इसके साथ ही उन्होंने एसबीपीआरएम खाता तथा 799 रूपये वार्षिक प्रीमियम वाली जीएजी बीमा योजना (15 लाख रूपये सुरक्षा कवच) का लाभ भी लिया। इस अवसर पर डाक निरीक्षक हरदा अमित कुमार व्यास एवं उनकी टीम द्वारा चलाए जा रहे संपूर्ण सुकन्या जिला हरदा अभियान की तहसीलदार उइके ने सराहना करते हुए भारतीय डाक विभाग के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह अभियान बालिकाओं के भविष्य को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। तहसीलदार उइके ने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार की पात्र बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते अवश्य खुलवाएं और बेटियों के उज्ज्वल एवं सुरक्षित भविष्य के इस जनहितकारी प्रयास में सहभागी बनें।

### सीएम व पीडब्ल्यूडी मंत्री को सौंपा स्टीमेट

## तीन सड़कों का होगा निर्माण, डेवलपमेंट मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाएंगे : सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



मेट्रोपॉलिटन सिटी की तर्ज पर विधायक सुदेश राय शहर में डेवलपमेंट के लिए जुटे हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह को शहर के तीन महत्वपूर्ण उपेक्षित रोडों के रि डेवलपमेंट के लिए स्टीमेट सौंप दिया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विधायक सुदेश राय की जनहितैशी मांग पर मंत्री पेट्रोल पम्प से लुनिया चौराहा गणेश मंदिर होते हुये साढ़े चार किलोमीटर रोड निर्माण और ग्राम बदरखासनी तक ढाई किलोमीटर रोड सहित ग्राम भोज से बगोनिया सीमा तक दो किलोमीटर रोड निर्माण स्वीकृति प्रदान कर 48 करोड़ रूपये की राशि भी प्रदान करने की घोषणा कर दी है।

शहर की बढ़ती आबादी और वाहन संख्या को ध्यान में रखते हुए विधायक सुदेश राय के द्वारा रि डेवलपमेंट के लिए दिए गए स्टीमेट में शहर के मंत्री पेट्रोल पम्प से लुनिया चौराहा गणेश मंदिर होते हुए साढ़े चार किलोमीटर रोड और इन्द्रानगर बायपास से शमशान घाट रोड होते हुये इंदौर नाका तक रोड डेढ़ किलोमीटर रोड सहित सेंकड़ाखेड़ी शहीद स्मारक स्थल से बायपास तक का डेढ़ किलोमीटर रोड टूलेन बनाए जाएंगे। मेट्रोपॉलिटन सिटी की तर्ज पर विधायक सुदेश राय की प्लानिंग के तहत टूलेन फोरलेन रोड के बीच में डिवाईडर भी होंगे और हरे भरे वृक्ष भी लगाए जाएंगे। तीनों रोडों पर रोशनी के लिए बिजली के लेंप भी होंगे। विधायक ने बताया कि सुविधाजनक रोड बनने के बाद इछावर और इंदौर की तरफ से गणेश मंदिर दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी शहर के दशहरा बाग कस्बा क्षेत्र के नागरिकों के लिए भी सहुलियत होगी।

## कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने गुरुवार को ग्राम धाबीखेड़ी स्थित लायन इंडिया फेब्रिक, सीहोर मंडी आद्यौगिक क्षेत्र फ्लोर मिल एवं नमकीन फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्पादन इकाई, सुरक्षा व्यवस्थाओं, प्रबंधन तथा श्रमिक सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र में स्वच्छता, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और मशीनों के सुरक्षित संचालन से संबंधित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रबंधन से कहा कि कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी कर्मचारियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएँ और मशीनों की नियमित मेंटेनेंस समय-समय पर की जाए। साथ ही, उद्योग परिसर में साफ-सफाई और बेहतर व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि जिले में कार्यरत सभी उद्योगों से अपेक्षा है कि वे गुणवत्ता, पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करें, ताकि औद्योगिक विकास के साथ-साथ रोजगार एवं स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिले। कलेक्टर बालागुरू के. ने प्रबंधन को आवश्यक सुधारात्मक कदम समय पर उठाने के निर्देश दिए और उद्योग में श्रमिक हितों एवं सुरक्षा मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा तथा प्रबंधक मनीष आलावा एवं उद्योगों के संचालक उपस्थित थे।